CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 141 ▫ रायपुर, रविवार 14 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## राहुल गांधी का 21 जून से छत्तीसगढ़ दौरा

# प्रशिक्षण शिविर में जिला अध्यक्षों से करेंगे सीधा संवाद



**रायपुर,** 14 जून (हाईवे चैनल)। रायपुर में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों का मेगा ट्रेनिंग कैंप लगने वाला है. 21 जून से शुरू होने वाला यह 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अभनपुर स्थित मंगल भवन में आयोजित होगा. शिविर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे और संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देंगे. इस संबंध में एआईसीसी के प्रभारी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पीसीसी समेत सभी जिला अध्यक्षों को पत्र के जरिए सूचित कर दिया है.

प्रशिक्षण सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सभी जिला अध्यक्षों से सीधे संवाद भी करेंगे. इस दौरान संबंधित जिलों की राजनीतिक, सामाजिक एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी भी लेंगे. संगठन में इस बात की चर्चा है कि प्रशिक्षण सत्र के बाद जिला कांग्रेस कमेटियों को व्यापक अधिकार दिया जाएगा. ऐसी स्थिति में स्थानीय हालातों के मुताबिक फैसले लेने का दायरा भी बढ़ेगा. वहीं वे सीधे एआईसीसी के संपर्क में रहेंगे. एक तरह से जिला अध्यक्षों को ताकतवर बनाते हुए पूरे संगठन को प्रभावी बनाया जाएगा.

### प्रियंका गांधी और खरगे के भी पहुंचने की चर्चा

राष्ट्रीय महासचिव ने पीसीसी को निर्देश दिए हैं कि वे एआईसीसी के प्रशिक्षण विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें. प्रशिक्षण में एआईसीसी के महासचिवों समेत पीसीसी अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष को पहले दो दिन और अंतिम दो दिन मौजूद रहना अनिवार्य होगा. इधर प्रशिक्षण सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा महासचिव प्रियंका गांधी के शामिल होने की भी चर्चा है.

# फ्रांस में मोदी का भारतीय समुदाय ने किया जोरदार स्वागत




**नई दिल्ली,** 14 जून (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार रात फ्रांस के नीस शहर पहुंचे। यहां होटल में भारतीय समुदाय ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मोदी ने कल्चरल प्रोग्राम देखा। आज दोपहर पीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। साथ ही 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।पीएम मोदी का यह दौरा बेहद ख़ास है। जानकारी के अनुसार दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, हेल्थ टेक, मेडिकल टेक्नोलॉजी, एआई, सेमीकंडक्टर और स्पेस टेक्नोलॉजी से जुड़े 12 समझौते हो सकते हैं। इसमें 114 राफेल लड़ाकू विमानों की डील भी शामिल है जिसपर अहम चर्चा हो सकती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत चाहता है कि उसे खुद इन विमानों में अपने हथियार जोड़ने की सुविधा मिले। इसके लिए सोर्स कोड का मुद्दा भी उठाया जाएगा। डील पर अभी कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति की मंजूरी नहीं मिली है। प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद ही इस पर अंतिम फैसला होगा।

### जी-7 शिखर सम्मेलन में 17 जून को ट्रप से होगी अहम द्विपक्षीय वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप जी-7 मीटिंग के दौरान फ्रांस में मिलेंगे. व्हाइट हाउस ने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे, जहां अगले हफ्ते जी7 शिखर सम्मेलन होने वाला है. जी-7 समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 17 जून को अहम द्विपक्षीय बैठक होगी. जानकारी के अनुसार पीएम मोदी ग्रुप ऑफ 7 (जी-7) शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं.

## ब्रेकिंग न्यूज

### पाक सेना की फायरिंग में 2 प्रदर्शनकारियों की मौत

**नई दिल्ली,** 14 जून (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान के क़ब्ज़े वाले कश्मीर के रावलकोट में आज एक बार फिर पाकिस्तानी रेंजर्स और सेना ने प्रदर्शनकारियों पर सीधी फायरिंग की, जिसमें अब तक आई जानकारी के मुताबिक 2 लोगों की मौत हो चुकी है और 9 लोग गंभीर रूप से घायल हैं. जानकारी के मुताबिक पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स ने दो राउंड 20-20 मिनट के लिए आज प्रदर्शनकारियों पर रबर बुलेट और॒च-47 से फायर किया है. पहली फायरिंग सुबह लगभग 4 बजे हुई जब प्रदर्शनकारी ईदगाह मैदान के पास ही सड़क पर नमाज़ पढ़ने के लिए इकट्ठा हुए थे. फायरिंग के बाद प्रदर्शनकारी ईदगाह मैदान की तरफ़ भागे. इसके बाद एकाएक फिर से 7 बजे पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स ने ईदगाह मैदान में इकट्ठा प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग करना शुरू किया. जिसमें एक प्रदर्शनकारी जो मीरपुर से आया था और एक रावलाकोट के ही रहने वाले प्रदर्शनकारी की मौत हो गई. घटना के वक़्त और बाद के एबीपी न्यूज़ को कई वीडियो और फोटो मिली हैं, जिसमें प्रदर्शनकारियों पर फायर की गई बुलेट के खोखे और खून के निशान साफ साफ दिखाई रहे हैं. वहीं तड़के सुबह 4 बजे की फायरिंग के बाद प्रदर्शनकारी भागते हुए दिख रहे हैं.

### अयोध्या में मंडलायुक्ता की अध्यक्षता में एसआईटी गठित, 15 दिन में सौंपनी होगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 14 जून (न्यूज चैनल)। श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहाँ भक्तों द्वारा चढ़ाए गए दान की रकम में वित्तीय गड़बड़ियों की बात सामने आई है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए योगी सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए विशेष जांच दल को तफ्तीश सौंप दी है। मामले में समानांतर रूप से कार्रवाई करते हुए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने एक युवक को राउंडअप किया है। हिरासत में लिए गए इस युवक से वित्तीय विसंगतियों के सुराग तलाशने के लिए गहन पूछताछ की जा रही है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया था कि वे एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाएं और अयोध्या राम मंदिर के लिए इकट्ठा किए गए दान में हेराफेरी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की उच्च-स्तरीय जांच का आदेश दें। ट्रस्ट ने कहा कि एक पारदर्शी और निष्पक्ष जांच ज़रूरी है क्योंकि यह मामला देश-विदेश में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। ट्रस्ट के अनुसार, एक स्वतंत्र जांच से उन गुमराह करने वाली अफ़वाहों और अटकलों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी जो सोशल मीडिया पर दान की रकम की कथित चोरी को लेकर फैल रही हैं।

### कन्नूर हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी निकली अफवाह

**नई दिल्ली,** 14 जून (न्यूज चैनल)। केरल के कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की एक सनसनीखेज धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई हैं। आधिकारिक जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि हवाई अड्डे को उड़ाने की यह धमकी पूरी तरह से झूठी (अपवाह) पाई गई है। इस मामले में मट्टनूर पुलिस ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत स्न्ङ्क्रदर्ज कर ली है और धमकी भरा संदेश भेजने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए तकनीकी जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर हवाई अड्डे और दो विमानन कंपनियों की कई ईमेल आईडी पर एक ईमेल आया जिसमें दावा किया गया था कि हवाई अड्डे को बम विस्फोट कर उड़ा दिया जाएगा और इसके लिए विस्फोटक लगाए गए हैं।

# 15 नगर पालिकाओं के सीएमओ बदले गए

**रायपुर,** 14 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रशासनिक फेरबतन करते हुए व्यापक पैमाने पर तबादला आदेश जारी किया है। राज्य शासन द्वारा जारी इस आधिकारिक आदेश के तहत प्रदेश की 15 नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) का स्थानांतरण कर दिया गया है। सरकार ने सस्पेंड चल रहे सीएमओ को बहाली का तोहफा देते हुए एक बार फिर मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप में नई जिम्मेदारी सौंप दी है।

राज्य सरकार द्वारा जारी इस संयुक्त आदेश के अनुसार, नगरीय प्रशासन विभाग ने 'ग' वर्ग के मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबन से बहाल कर दिया है। हालांकि, शासन ने यह पूरी तरह साफ कर दिया है कि किरण पटेल को मलाईदार कुर्सी वापस मिलने के बावजूद उनके खिलाफ चल रही विभागीय जांच बंद नहीं होगी। उनके विरुद्ध विभागीय जांच निरंतर जारी रहेगी और निलंबन अवधि का अंतिम निराकरण जांच रिपोर्ट के गुण-दोष के आधार पर पृथक से किया जाएगा। किरण पटेल के अलावा विभाग ने एक अन्य विभागीय कर्मचारी को भी बड़ी राहत देते हुए निलंबन से बहाल किया है। आधिकारिक आदेश के मुताबिक, मूल पद सहायक राजस्व निरीक्षक (वर्तमान में सहायक राजस्व अधिकारी) राजेश तिवारी की भी विभागीय जांच को यथावत जारी रखते हुए उन्हें सस्पेंशन से बहाल कर दिया गया है। राजेश तिवारी को प्रशासनिक दृष्टि से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक नगर पालिका परिषद खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में नई पदस्थापना दी गई है। सीएमओ की तरह ही इनके विरुद्ध भी विभाग की ओर से जांच जारी रहेगी और सस्पेंशन पीरियड के वेतन व अन्य भत्तों का फैसला विभागीय जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही तय होगा। इस व्यापक प्रशासनिक सर्जरी के तहत 15 नगर पालिकाओं के प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है।

**निलंबन से बहाल इस अधिकारी को फिर मिली मुख्य नगरपालिका अधिकारी की कुर्सी**

# देहरादून में भाजपा नेता की हत्या, गुस्साई भीड़ ने फूंके घर और गाड़ियां, आरोपी का घर जमींदोज



**3 नामजद और 25 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज, पुलिस बल तैनात**

**नई दिल्ली,** 14 जून (न्यूज चैनल)। उत्तराखंड के देहरादून जिले के सहसपुर पुलिस स्टेशन इलाके के बैरागीवाला गांव में शनिवार देर शाम पानी को लेकर हुए झगड़े ने खूनी मोड़ ले लिया। सिंचाई के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते सांप्रदायिक हिंसा में बदल गई। इस हिंसक झड़प में भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक स्थानीय नेता की मौत हो गई। इस घटना के बाद से ही पूरे इलाके में भारी तनाव बना हुआ है।

बीजेपी नेता की हत्या की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने आरोपियों के घरों को निशाना बनाया और जमकर पथराव किया। इसके बाद भीड़ ने एक आरोपी के घर और वहां खड़े कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। मौके पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए और कुछ अन्य जगहों पर भी तोड़फोड़ और आगजनी की खबरें सामने आईं, जिससे माहौल और ज्यादा बिगड़ गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और हालात को काबू में करने की कोशिश शुरू की। हत्या की इस खौफनाक वारदात के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आरोपी के घर को ढहाने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस पूरी हिंसा और हत्या के मामले में तत्परता दिखाते हुए तीन नामजद आरोपियों और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव में दोबारा कोई अप्रिय घटना न हो और स्थिति नियंत्रण में रहे, इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। आला अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे अगले थल सेना प्रमुख, 30 जून को संभालेंगे कमान



**नई दिल्ली,** 14 जून (न्यूज चैनल)। सरकार ने एक बयान में कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को शनिवार को अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है और वे 30 जून को अपना पद संभालेंगे। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि मुझे राष्ट्रपति की मंजूरी से यह बताने का निर्देश दिया गया है कि लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को 30 जून, 2026 से जनरल के पद पर अगला चीफ़ ऑफ़ आर्मी स्टाफ़ (थल सेना प्रमुख) नियुक्त किया गया है। वे जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे और उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2028 तक होगा।

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ अभी वाइस चीफ़ ऑफ़ आर्मी स्टाफ़ के तौर पर काम कर रहे हैं; उन्होंने इस साल अप्रैल में यह पद संभाला था। मौजूदा आर्मी चीफ़ जनरल उपेंद्र द्विवेदी के 30 जून को रिटायर होने के बाद, वे आर्मी चीफ़ का पद संभालेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ खड़कवासला स्थित नेशनल डिफेंस एकेडमी के पूर्व छात्र हैं और दिसंबर 1986 में उन्हें %आर्मर्ड कॉर्प्स% में कमीशन मिला था। लगभग चार दशकों के करियर में, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को ऑपरेशनल, रणनीतिक, क्षमता विकास और संस्थागत क्षेत्रों में व्यापक अनुभव मिला है। सरकार के बयान में कहा गया है कि उनकी कमांड असाइनमेंट में रेगिस्तानी इलाके में एक आर्मर्ड रेजिमेंट, वेस्टर्न थिएटर में एक आर्मर्ड ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में एक काउंटर-इंसर्जेंसी फोर्स की कमान संभालना शामिल है। अगले ष्ट्ह्रस् ने सेना के प्रमुख स्ट्राइक फॉर्मेशन में से एक, सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभाली है; दिल्ली एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर काम किया है; और साउथ वेस्टर्न कमांड और सदर्न कमांड की कमान भी संभाली है। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ के नाम एक खास उपलब्धि है- उन्होंने सेना की दो ऑपरेशनल कमांड ङ्क साउथ वेस्टर्न कमांड और सदर्न कमांड ङ्क की कमान संभाली है और ढाई साल से ज़्यादा समय तक अहम थिएटरों में रणनीतिक देखरेख की है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर डंपर और मजदूरों की डीसीएम गाड़ी में टक्कर, कई गंभीर

**नई दिल्ली,** 14 जून (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां मजदूरों से भरी एक डीसीएम गाड़ी और एक डंपर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी में सवार कई मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं।

हादसे की जानकारी देते हुए जालौन के सीओ शैलेंद्र बाजपेयी ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8 बजे कुछ मजदूर डीसीएम गाड़ी में सवार होकर अलीगढ़ से महुआ की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन के पास, इटावा की ओर जा रहे एक डंपर के साथ उनकी गाड़ी की सीधी भिड़ंत हो गई। इस एक्सीडेंट के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सीओ ने बताया कि हादसे में तीन मजदूरों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। उन्हें तुरंत इलाज के लिए उरई के सरकारी अस्पताल भेजा गया है।

# पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट, आरोपी पति गिरफ्तार



**चरित्र शंका में खूनी वारदात**

**बलरामपुर,** 14 जून (हाईवे चैनल)।. छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. चरित्र शंका में पति ने अपनी पत्नी को डंडे से पीट-पीटकर मौते के घाट उतार दिया. पूरा मामला सामरीपाठ थाना इलाके का है.

जानकारी के अनुसार, आरोपी पति को ग्रामीणों ने बताया कि उसकी पत्नी किसी दूसरे व्यक्ति के साथ पकरी पेड़ के नीचे देखी गई है. मौके पर पत्नी को देखकर पति का गुस्सा भड़क गया. चरित्र शंका करते हुए आरोपी ने हाथ-पैर और डंडे से पत्नी के साथ बेहरमी से मारपीट की. गंभीर रूप से घायल महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना की जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची. शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर हत्या में इस्तेमाल डंडे और अन्य साक्ष्य जुटाएं हैं. वहीं आरोपी पति को पकड़कर पुलिस थाना लेकर आई. पूछताछ में आरोपी पति ने हत्या करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया. कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है.

# मानसून की दस्तक में देरी, जगदलपुर समेत कई शहरों में फिर बढ़ने लगा पारा



**रायपुर,** 14 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की दहलीज पर पिछले तीन दिनों से मानसून अटका हुआ है. मौसम विभाग ने मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थिति अनुकूल बता रहा है. 15 जून तक बस्तर से प्रवेश करने के आसार हैं. प्रदेश में प्री-मानसून एक्टिविटी कम होते नजर आ रही है, जिससे तापमान चढ़ने लगा है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश में अधिकतम तापमान में 2-4ए डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई. इस दौरान उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जगहों पर बारिश, बादल गरजने और तेज हवा चली.

**मौसम प्रणाली का असर** - मौसम विभाग के अनुसार समुद्र तल पर बनी मौसमी द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से होते हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड और गंगीय पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश तक फैली हुई है. इसके प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है.

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई. सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस पेण्ड्रारोड में रिकॉर्ड किया गया. वर्षा के प्रमुख आंकड़ों में कुसमी में 5 सेमी, ओरछा में 4 सेमी, पिपरिया में 3 सेमी, बड़े बचेली और थानखमरिया में 2-2 सेमी बारिश दर्ज की गई. वहीं भैरमगढ़, माकड़ी, ओडगी, पंधरिया और बोड़ला में 1-1 सेमी वर्षा रिकॉर्ड हुई.

**रायपुर में आज आंधी-बारिश की संभावना**- मौसम विभाग ने रायपुर में आज गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है. अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की आशंका जताई गई है.

### मौसम विभाग ने दी चेतावनी

मौसम विभाग ने रविवार के लिए प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है. इसके साथ ही एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है.

CMYK